**DAYANAND COLLEGE, HISAR**

**DEPARTMENT OF GEOGRAPHY**

**PHOTOS/NEWS REPORTS OF DIFFERENT CELEBRATIONS/OCCASSIONS**

**(Session 2016-17 to 2022-23)**








S
W
E
N
Dayanand
College
Balsamand Rd
IK HOSPITAL,
ARI PLASTIC...
107
Google
Dec 4, 2021 09:52:41
29.1579N 75.7149E
209° SW
Bhamashah Nagar
Hisar
Haryana
Altitude:540.6ft
Index number: 44


S
W
E
N
Dayanand
College
Balsamand Rd
IK HOSPITAL,
ARI PLASTIC...
107
Google
Dec 4, 2021 09:42:16
29.1580N 75.7150E
239° SW
Bhamashah Nagar
Hisar
Haryana
Altitude:540.3ft
Index number: 36




BORDER ROADS ORGANISATION
WELCOMES
YOU AT
ROHTANG PASS
(13058 FEET)
DEEPAK
38TF




जयनारायणव्यास विश्वविद्यालय
Shot on OnePlus
Powered by Triple Camera








स्टेट रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर







श्री सनातन धर्म हनुमान मन्दिर
नागोरी गेट हिसार
आपका हार्दिक अभिनन्दन करता है


भारत मौसम विज्ञान विभाग
INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT
मौसम कार्यालय, हिसार


Glacier Retreat Hazards
Presented
HORN
CIRQUE
DRUMLIN
D


COASTAL LANDSCAPE
AND


GOVERNMENT COLLEGE, HISAR


COASTAL LANDSCAPE
MANAGEMENT
LAGOON
COVE
TOMBOLO
STALK
HOOK
BAYS
CAVE
BEACH




लाजपतराय पुस्तकालय




दयानन्द सरस्वती
(1824-1883)


महर्षि दयानन्द सरस्वती
(1824-1883)
Objectives
MAHATMA HANSRAJ


महर्षि दयानन्द सरस्वती
Mission
Objectives







# डीएन कालेज के एम.एससी. भूगोल की छात्राओं ने टॉप टेन विद्यार्थियों की सूची में अपना स्थान बनाया

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 27 नवम्बर : गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय साईंस एवं प्रौद्योगिकी, हिसार द्वारा एम.एससी. भूगोल के अन्तिम वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में दयानन्द महाविद्यालय, हिसार की तीन छात्राओं ने टॉप टेन विद्यार्थियों की सूची में अपना स्थान बनाया। भूगोल विभाग की छात्रा पिंकी सिंह ने 2000 में से 1570 अंक प्राप्त कर पांचवां, कंचन ने 1561 अंकों के



साथ छठा तथा रवीना ने 1542 अंकों के साथ विश्वविद्यालय की सूची आठवां स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




14 May 2022 10:52:19 am


DAYANAND COLLEGE, HISAR
(Governed by DAV Managing Committee, New Delhi)


DAYANAND COLLEGE, HISAR
(Governed by DAV Managing Committee, New Delhi)
Organises


10 May 2022 10:50:50 am
29.158041N 75.714703E
Aggarwal Colony
Hisar
Haryana


DAYANAND COLLEGE, HISAR
GEOGRAPHICAL ASSOCIATION
Welcomes you
EXTENSION LECTURE
On
May 6, 2022 12:46:59 PM
266° W
Index number: 77


EXTENSION LECTURE
On
May 6, 2022 12:49:38 PM
268° W
Index number: 82






EXHIBITION





# प्रतियोगिता में प्रेरणा ने बनाया श्रेष्ठ मानचित्र



नभ-छोर न्यूज ⏭ 19 नवंबर

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में भूगोल जागरूकता सप्ताह की श्रृंखला में मानचित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका और भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा के अनुसार मानचित्र के बिना भूगोल विषय को समझने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए विद्यार्थियों में मानचित्र-कला का विकास करने व अध्ययन में रूचि बढ़ाने के लिए इस तरह की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के 27 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने हुनर का लोहा मनवाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका भूगोल विभाग के प्राध्यापक विकास वीर व पर्यावरण अध्ययन विभाग की प्राध्यापिका डॉ. मीनाक्षी आर्य ने निभाई। अंत में विभागाध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा ने उद्देश्यपूर्ण आयोजन में हर सम्भव सहायता के लिए प्राचार्य, सहयोगी प्राध्यापकों व भूगोल समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रेरणा ने प्रथम स्थान, एमएससी फाईन वर्ष की छात्रा पारूल ने द्वितीय स्थान तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया व एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अल्का ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

---

कार्यक्रम | दयानंद महाविद्यालय में भूगोल जागरूकता सप्ताह मनाया, विजेताओं को किया सम्मानित

# मानचित्र स्पर्धा में एमएससी प्रथम वर्ष की प्रेरणा रही प्रथम

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में भूगोल जागरूकता सप्ताह की शृंखला में मानचित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रेरणा ने प्रथम स्थान पाया। एमएससी फाइनल की छात्रा पारूल ने द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान पाया।

एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अल्का ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका भूगोल विभाग के प्राध्यापक विकास वीर व पर्यावरण अध्ययन विभाग की प्राध्यापिका डॉ. मीनाक्षी आर्य ने निभाई।



दयानंद कॉलेज में विजेता छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह। संवाद

**पूर्वानुमान केंद्र का निरीक्षण किया :** **हिसार।** दयानंद महाविद्यालय हिसार के कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ), सेक्टर-62, नोएडा का औद्योगिक दौरा किया। विद्यार्थी मौसम पूर्वानुमान में उपयोग में लाए जाने वाले सुपर कंप्यूटर की कार्यशैली से परिचित हुए।

## बायोरंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

दयानंद महाविद्यालय के वनस्पति विभाग की 'वनस्पति समिति' के तत्वावधान में 'बायोरंगोली' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। वनस्पति समिति की इंचार्ज डॉ. छवि मंगला ने कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, निर्णायक मंडल के सदस्यों, विभागाध्यक्ष, शिक्षक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग और सभी छात्रों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. हेमंत शर्मा, प्रीति, अंजू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण पृथ्वी ही भूगोल विषय के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशाला है: डॉ. सिंह




नभ-छोर न्यूज ⏭ 16 नवंबर

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तत्वावधान में आयोजित किए गए भूगोल जागरूकता सप्ताह के तहत प्रथम कड़ी में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह की उपस्थिति में मुख्य अतिथि और भूतपूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. अनूप सिंह परमार द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण पृथ्वी ही भूगोल विषय के विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशाला है और उन्हें इस तरह के आयोजन में उपकरणों और यंत्रों से प्रत्यक्ष रूबरू करवाना उनके ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ विषय विशेष में रूचि जागृत करता है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों की प्रयोग विधि के बारे में समझाया। भूगोल विषय की अध्यक्षा और कार्यक्रम की संयोजिका मंजू शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भूगोल के क्षेत्र-कार्य में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न यंत्रों के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त की। इसी कड़ी में विभाग द्वारा शनिवार को मानचित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में हर सम्भव सहायता के लिए प्राचार्य का धन्यवाद किया। उपकरणों के आकर्षक प्रदर्शन व रख-रखाव में भूगोल समिति के सदस्यों, शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग का विशेष योगदान रहा जिसकी विभागाध्यक्षा ने सराहना की। इस मौके पर एमएससी फाईनल वर्ष की छात्राएं पारूल, पूजा, दीक्षू व खुशी ने रंगोली बनाई। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक विकासवीर, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. विभा कौशिक, विक्रमजीत सिंह, शुभम, सुखबीर, गरिमा व डॉ. दीपिका उपस्थित रहे।

नभ-छोर हिसार, बुधवार, 11 मई 2022 3

# विद्यार्थियों को समझाई जीआईएस टैक्नोलॉजी की अनिवार्यता

हिसार/ 11 मई/ रिपोर्टर

दयानन्द महाविद्यालय में भूगोल विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई शोध तरीके और विधियां विषय से सम्बन्धित कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व भूगोल विभाग की विभागाध्यक्षा मंजू शर्मा ने मुख्यवक्ता एचएयू के मौसम विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुराग को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट किया। डॉ. अनुराग ने शोध में रिमोट सैंसिंग एंड जीआईएस टैक्नोलॉजी की अनिवार्यता और उपयोगिता से संबन्धित जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि शिक्षा और शोध के विभिन्न क्षेत्रों में इस नवीनतम तकनीक का प्रयोग कार्य को सुगम बनाने के साथ–साथ नवीनतम व सत्यापित जानकारी उपलब्ध करवा कर भविष्य की योजनाएं बनाने में सहयोगी सिद्ध हो रहा है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक विकासवीर, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, विभा कौशिक, विक्रमजीत, शुभम, सुखबीर, सविता, गरिमा आदि मौजूद रहे।

नभ-छोर | हिसार, मंगलवार, 10 मई 2022 | 2

# रिसर्च मैथड्स एंड टेक्नीक्स पर डीएन कॉलेज में कार्यशाला

**हिसार**/ 10 मई/ रिपोर्टर

किसी विषय की जानकारी होना और उसे प्रभावी तरीके से समाज हित में साझा करने की कला विकसित करना विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। इसी उद्देश्य के तहत दयानन्द महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए रिसर्च मैथड्स एंड टेक्नीक्स'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में व्यावसायिक सफलता के लिए विद्यार्थियों को इस तरह की जानकारी होना अति आवश्यक है। मुख्यवक्ता गुजवि में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ललित कुमार ने समकालीन शोध में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के सांख्यकीय तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्राथमिक और द्विवीतयक आंकड़ों के प्रस्तुतीकरण के लिए उचित सॉफ्टवेयर और आरेखों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व विभागाध्यक्षा मंजू शर्मा ने डॉ. ललित कुमार को पौधा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच संचालन विभा कौशिक ने किया। इस अवसर पर विकासवीर, सुरेन्द्र कुमार, शुभम, सुखबीर, सविता व गरिमा उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर | हिसार. गुरुवार 12 मई . 2022 | 02

# डीएन कॉलेज में शोध तरीके और विधियां विषय पर हुई वर्कशॉप




**भास्कर न्यूज** | हिसार

दयानंद कॉलेज में शोध तरीके और विधियां विषय कार्यशाला के दूसरे दिन डॉ. अनुराग ने शोध में रिमोट सैनसिंग एंड जीआईएस टेक्नोलॉजी की अनिवार्यता और उपयोगिता से सम्बन्धित जानकारी विद्यार्थियों के साथ सांझा की। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व भूगोल विभाग की विभागाध्यक्षा मंजू शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए उनको पौधा भेंट किया। कॉलेज में भूगोल विभाग द्वारा शोध तरीके और विधियां विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला की। विभागाध्यक्षा मंजू शर्मा, विकासवीर, डॉ. सुरेंद्र कुमार, विभा कौशिक, विक्रमजीत, शुभम, सुखबीर, सविता और गरिमा आदि उपस्थित थे।

# किसी विषय की जानकारी होना और सांझा करना जरुरी . डा. विक्रमजीत

**हिसार**| किसी विषय की जानकारी होना और उसे प्रभावी तरीके से समाज हित में सांझा करने की कला विकसित करना विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। यह बात डीएन कॉलेज भूगोल विभाग द्वारा आयोजित ''रिसर्च मैथडस एंड क्नीकस'' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में व्यावसायिक सफलता के लिए विद्यार्थियों को इस तरह की जानकारी होना अति आवश्यक है। मुख्य वक्ता जीजेयू अर्थशास्त्र विभाग से सहायक प्रोफेसर डा. ललित कुमार ने समकालीन शोध में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के सांख्यकीय तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्षा मंजू शर्मा, विभा कौशिक, विकासवीर, सुरेंद्र कुमार, विक्रमजीत, शुभम, सुखबीर, सविता व गरिमा उपस्थित रहे।

# दयानंद महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**12-May-2022**

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के सभागार में भूगोल विभाग के सौजन्य से आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का आज समापन किया गया। अन्तिम दिन विभागाध्यक्षा मंजू शर्मा ने शोध लेख से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियों और नियमों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। ज्ञातव्य है कि ''शोध विधियाँ और तकनीक'' विषय पर आयोजित कार्यशाला में स्नातकोत्तर कक्षाओं के 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यशाला के सफल और उद्देश्यपूर्ण आयोजन के लिए भूगोल विभाग को बधाई दी। इस अवसर पर भूगोल विभाग के शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग के सभी सदस्य मौजूद रहे।



Pathak Paksh News Paper 12-May-2022

# दयानन्द महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**हिसार ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** दयानन्द महाविद्यालय हिसार के सभागार में भूगोल विभाग के सौजन्य से आयोजित तीन



दिवसीय कार्यशाला का आज समापन किया गया। विभागाध्यक्षा श्रीमती मंजू शर्मा ने शोध लेख से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियों और नियमों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। ''शोध विधियाँ और तकनीक'' विषय पर आयोजित कार्यशाला में स्नातकोत्तर कक्षाओं के 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विक्रमजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यशाला के आयोजन के लिए भूगोल विभाग को बधाई दी। इस अवसर पर भूगोल विभाग के शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग के सभी सदस्य मौजूद रहे।




# डीएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली रैली



हिसार। दयानंद महाविद्यालय परिसर में 'विश्व पृथ्वी दिवस' के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग, पर्यावरण अध्ययन विभाग और नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. विवेक श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रेनू राठी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की संयोजिका भूगोल विभाग की अध्यक्षा मंजू शर्मा ने कहा कि पृथ्वी से संबंधित विभिन्न घटनाओं और उनके लिए मनुष्य की सजगता संपूर्ण मानव जाति के अस्तित्व की रक्षा के लिए आवश्यक है। इस मौके पर डॉ. मीनाक्षी, राखी, विभा कौशिक, विक्रमजीत, शुभम, गरिमा, डॉ. आदित्य, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. संगीत, डॉ. छवि मंगला, विकासवीर, सुखबीर, सविता सहित अन्य मौजूद थे। ब्यूरो

अमर उजाला शनिवार 23.04.2022
वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी/अष्टमी, विक्रम संवत 2079

**दैनिक पाठकपक्ष,** हिसार, शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2022 | ५

# 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर डीएन कालेज में निकाली जागरूकता रैली



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 22 अप्रैल : दयानन्द महाविद्यालय परिसर में 'विश्व पृथ्वी दिवस' के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग, पर्यावरण अध्ययन विभाग और नेचर इन्टरप्रिटेशन सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. विवेक श्रीवास्तव व वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रेनू राठी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों द्वारा जन साधारण को इस गम्भीर खतरे के लिए जागरूक करने की पहल की सराहना की। कार्यक्रम की संयोजिका और भूगोल विभाग की अध्यक्षा श्रीमती मंजू शर्मा ने बताया कि पृथ्वी से सम्बन्धित विभिन्न घटनाओं और उनके लिए मनुष्य की सजगता सम्पूर्ण मानव जाति के अस्तित्व की रक्षा के लिए आवश्यक है। रैली में उपस्थित सैकड़ों विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों व चित्रों के माध्यम से आम जन को पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया। डॉ. मीनाक्षी, राखी, विभा कौशिक, विक्रमजीत, शुभम, गरिमा व अन्य प्राध्यापकों के नेतृत्व में रैली शहर के मुख्य मार्गों, लोहा मण्डी चौक, सुशीला भवन, परिजात चौक, ग्रीन स्कवेयर मार्किट, बीकानेर चौक, अग्रसेन भवन से होती हुई वापिस महाविद्यालय परिसर में पहुँची। महाविद्यालय द्वारा इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भूगोल समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. आदित्य, डॉ. हेमन्त शर्मा, डॉ. संगीत, डॉ. छवि मंगला, विकासवीर, सुखबीर, सविता व अन्य अध्यापकगण मौजूद थे।

**नभ-छोर** | स्थानीय-देश-विविध | हिसार, शुक्रवार, 22 अप्रैल 2022

# रैली निकालकर आमजन को दिया पृथ्वी संरक्षण का संदेश

**हिसार**/ 22 अप्रैल/ रिपोर्टर

दयानन्द महाविद्यालय में 'विश्व पृथ्वी दिवस' के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग, पर्यावरण अध्ययन विभाग और नेचर इन्टरप्रिटेशन सेंटर द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. विवेक श्रीवास्तव व वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रेनू राठी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विद्यार्थियों ने नारों व चित्रों के माध्यम से आम जन को पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया। डॉ. मीनाक्षी, राखी, विभा कौशिक, विक्रमजीत, शुभम, गरिमा व अन्य प्राध्यापकों के नेतृत्व में रैली शहर के मुख्य मार्गों, लोहा मंडी चौक, सुशीला भवन, परिजात चौक, ग्रीन स्कवेयर मार्किट, बीकानेर चौक, अग्रसेन भवन से होती हुई वापस महाविद्यालय परिसर में पहुंची। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका और भूगोल विभाग की अध्यक्षा मंजू शर्मा, डॉ. आदित्य, डॉ. हेमन्त शर्मा, डॉ. संगीत, डॉ. छवि मंगला, विकासवीर, सुखबीर, सविता आदि मौजूद थे।

**दैनिक भास्कर हिसार** | हिसार, शुक्रवार 17 सितंबर, 2021 | 02

# ओजोन परत का संरक्षण पृथ्वी के अस्तित्व के लिए अति आवश्यक



**हिसार** | दयानन्द कॉलेज के भूगोल विभाग की भौगोलिक समिति और इंटरप्रिटेशन सेंटर नेविश्व ओजोन दिवस के मौके पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को उजागर करते हुए ओजोन को सुरक्षित करने के संदेश पोस्टर के माध्यम से दिए। इसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष मंजू शर्मा ने करते हुए बताया कि ओजोन परत का संरक्षण पृथ्वी के अस्तित्व के लिए अति आवश्यक है। वहीं दूसरी ओर कॉलेज प्रिंसिपल विक्रमजीत सिंह ने बताया कि हमें अपने-पास के बदलते परिवेश के प्रति सदैव सचेत रहना चाहिए। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में कला संकाय के तृतीय वर्ष के छात्र अंकुश ने प्रथम, वाणिज्य संकाय की द्वितीय वर्ष की छात्रा राखी ने द्वितीय और कला संकाय की द्वितीय वर्ष की छात्रा पारूल शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ विज्ञान संकाय द्वितीय वर्ष की हिमांशी ने सांत्वना पुरस्कार जीता। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. हेमन्त शर्मा, डॉ. संगीत व डॉ. छवि मंगला ने निभाई।

# डीएन कालेज में 'विश्व ओजोन दिवस' के उपलक्ष्य में 'पोस्टर बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 16 सितम्बर : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के भूगोल विभाग की भौगोलिक समीति, पर्यावरण विभाग तथा नेचर इंटरप्रिटेशन सैन्टर के संयुक्त तत्वाधान में 'विश्व ओजोन दिवस' के उपलक्ष्य में 'पोस्टर बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष और संयोजिका श्रीमति मंजू शर्मा ने बताया कि ओजोन परत का संरक्षण पृथ्वी के अस्तित्व के लिए अति आवश्यक है। इस वर्ष का ओजोन दिवस सूत्र वाक्य ष्ज्ञममचपदह न्ए व्नत थ्ववक दक टंबबपदमे ब्ववसष् भी हमें यही संदेश देता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें अपने आस-पास के बदलते परिवेश के प्रति सदैव सचेत रहना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों का ज्ञानावर्धन करने के साथ-साथ उन्हें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ने को प्रोत्साहित व जागरूक करते रहना है। नेचर इंटरप्रिटेशन सैन्टर के संयोजक डॉ. आदित्य कुमार ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. हेमन्त शर्मा, डॉ. संगीत व डॉ. छवि मंगला ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. मीनाक्षी, श्रीमति राखी, विकासवीर, सुरेन्द्र कुमार, मंजीत सिंह व भूगोल समीति के सदस्यों की मुख्य भूमिका रही। प्रतियोगिता में कला संकाय के तृतीय वर्ष की अंकुश ने प्रथम, वाणिज्य संकाय की द्वितीय वर्ष की राखी ने द्वितीय, कला संकाय के द्वितीय वर्ष की पारूल शर्मा ने तृतीय तथा विज्ञान संकाय द्वितीय वर्ष की हिमांशी ने सांत्वना पुरस्कार जीते।



DAYANAND COLLEGE, HISAR
SAVE EARTH
Apr 22, 2022 10:18:04 AM
110° E
Altitude:191.7m
Speed:0.0km/h
Index number: 55


DAYANAND COLLEGE, HISAR


Mission Goes on
OZONE OR NOZONE
Let's Come Together To
SAVE Ozone Layer
O3
SOLUTION TO
SAVE OZONE
LAYER


GPS Map
Camera Lite
X56V+3F7, Chail, Himachal Pradesh 173217, India
Latitude
30.960396844893694°
Longitude
77.19390956684947°
Local 12:30:07 PM
GMT 07:00:07 AM
Altitude 11.7 meters
Sunday, 25.09.2022


गाँव
कानो
GPS Map Camera
Solan, Himachal Pradesh, India
W6V3+48C, MAURI Rd, Himachal
Pradesh 173217, India
Lat 30.942709°
Long 77.203275°
26/09/22 01:23 PM GMT +05:30
Google






**Ms. Manju Sharma**

**(Head of Department)**